श्री रजनीश खरे ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य डिजिटल अधिकारी(सीडीओ) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया

मुंबई, 5 नवंबर, 2022: श्री रजनीश खरे ने 2 नवम्बर, 2022 को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य डिजिटल अधिकारी (सीडीओ) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया. बैंकिंग और घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय बैंकों के लिए प्रगतिशील और भविष्यगामी रूपान्तरण अनुभवों और क्षमताओं का निर्माण करने में 23 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ एक डिजिटल बैंकिंग अग्रणी के रूप में आपने डिजिटल कार्य नीति, प्रौद्योगिकी, परिवर्तन, भुगतान, डिजिटल चैनल, नवाचार, प्लेटफॉर्म, पारिस्थितिकी तंत्र और भविष्य प्रगामी पहल के कार्यान्वयन का दायित्व निभाया है.

आपने अपने पिछले संगठनों में नेतृत्वकर्ता कार्यपालक की भूमिका को सफलतापूर्वक निभाया है यथा एचडीएफ़सी बैंक में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन प्रमुख, सिटी बैंक में मुख्य नवाचार अधिकारी, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक में प्रत्यक्ष बैंकिंग और नवाचार के प्रमुख, आईसीआईसीआई बैंक में वैकल्पिक चैनल और क्रॉस बिक्री प्रमुख और इस तरह की अन्य मुख्य भूमिकाओं में, जहां संगठनात्मक कारोबार में सुधार और विकास में तीव्रता लाने के लिए वैश्विक डिजिटल संपत्ति के निर्माण करने में आपका ध्यान केन्द्रित रहा.

आपने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर और भारत में कई पुरस्कार जीते हैं -इनमें से उल्लेखनीय हैं: आईडीसी सिंगापुर द्वारा एशिया पैसिफिक डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन लीडर ऑफ द इयर पुरस्कार, एचडीएफ़सी बैंक प्रबंध निदेशक द्वारा आइकॉन ऑफ द इयर पुरस्कार , नवाचार प्रबंधन के लिए गोल्डन पीकॉक पुरस्कार.

आप पूरे विश्व में फिनटेक और स्टार्ट-अप का मार्गदर्शन करते हैं और अंतर्राष्ट्रीय वक्ता हैं.

****

प्रेस विज्ञप्ति